तेरा साथ है तो मुझे क्या कमी

तेरा साथ है तो मुझे क्या कमी है
मज़े में मेरी कट रही ज़िन्दगी है
तेरा साथ है तो ....

मेरे सर पे हर पल मोरछड़ी है
मज़े में मेरी कट रही ज़िन्दगी है
तेरा साथ है तो ....

मैंने पुकारा या ना पुकारा
तूने दिया है मुझे हर पल सहारा
पग डगमगाए मेरे जो कहीं हैं
थामा मुझे तेरे हाथों ने ही है
तेरा साथ है तो ....

तेरी कृपा हो तेरी मेहर हो
शिप्रा पे तेरी सीढ़ी नज़र हो
मुझको ज़माने की परवाह नहीं है
तू जो करे बस वही तो सही है
मज़े में मेरी कट रही ज़िन्दगी है
तेरा साथ है तो ....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22621/title/tera-sath-hai-to-mujhe-kya-kami-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |